# कांवड़ यात्रा के दौरान चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा : एडीजी

## मोटा महादेव मंदिर, कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण, गणमान्य लोगों से यात्रा संपन्न कराने में सहयोग मांगा

**संवाद सूत्र, मंडावली** : श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार को एडीजी बरेली जोन प्राचीन मोटा महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों के वेश में बाइक से अलग-अलग कांवड़ यात्रा मार्ग पर रवाना किया।

एडीजी बरेली जोन राजकुमार गुरुवार दोपहर पुलिस लाइंस पहुंचे। पुलिस लाइंस में उन्होंने अधिकारियों से कांवड़ यात्रा के बारे में जानकारी ली। इसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे मंडावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राचीन मोटा महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा को लेकर शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरे बरेली जोन में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जगह-जगह पर पुलिसकर्मी तो तैनात किए ही गए हैं। आवश्यक जगहों पर रूट भी डायवर्ट किया गया है। ड्रोन के माध्यम से भी कांवड़ यात्रा मार्ग पर नजर रखी जा रही है।



गुरुवार को कांवड़ियों के वेश में पुलिसकर्मियों को रवाना करते एडीजी बरेली जोन राजकुमार • जागरण

एडीजी ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो भी शिवभक्त कांवड़ लेने जा रहे हैं, वह तेज आवाज में डीजे नहीं बजाएंगे। प्रसार ध्वनि को कम रखते हुए केवल शिवभक्ति पर आधारित गीत ही बजाएंगे। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी सहयोग की अपील की। बैठक के साथ ही एडीजी ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरे, पुलिस ड्यूटी, मेडिकल कैंप को देखा और कांवड़ ड्यूटी में लगे चौकीदारों से बात की।

इस दौरान एसपी दिनेश सिंह, एएसपी सिटी प्रवीण रंजन सिंह, एसडीएम विजय वर्धन तोमर, सीओ गजेंद्रपाल सिंह एवं नजीबाबाद, मंडावली, नांगल एवं मंडावर के थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, भाजपा नेता तरुण राजपूत, राजन टंडन गोल्डी, अतुल रुहेला भी पहुंचे।

## हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

**संवाद सहयोगी, धामपुर** : कांवड़ यात्रा शुरू होने के चलते हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर पुलिस ने बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। धामपुर क्षेत्र में दुर्गा विहार बाईपास पर वाहनों को रोका जा रहा है। नजीबाबाद की ओर से जाने के लिए रूट डायवर्ट किया गया है।

कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कई इंतजाम किए हैं। धामपुर में नेशनल हाईवे पर ट्रक, कंटेनर व बड़े वाहनों के जाने पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रूट डायवर्ट किए गए हैं। नगर में स्थित दुर्गा विहार कालोनी से शेरकोट को जाने वाले बाईपास पर बड़े वाहनों को रोका गया है। कांवड़ियों के हाईवे पर पैदल चलने के दौरान उनकी सुरक्षा के मद्देनजर यह व्यवस्था की गई है। कोतवाल माधो सिंह बिष्ट ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हाईवे पर रोके गए वाहनों को नगीना व नजीबाबाद की ओर से जाने के लिए बिजनौर वाले रूट पर डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्गा विहार, नगीना चौराहा, आरएसएम तिराहा, शीला टाकिज, कालागढ़ मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग करके कांवड़ियों की सुगमता के लिए रूट भी बनाया गया है।



धामपुर में रोके गए बड़े वाहन • जागरण



नजीबाबाद में कांवड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीजी। संवाद



धामपुर से होकर बरेली के शेरगढ़ कांवड लेकर जाते शिवभक्त। संवाद



चांदपुर से कांवड़ लेकर गुजरते भोले के भक्त। संवाद

# 'कांवड़ियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें पुलिसकर्मी'

## अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार ने दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंडावली/नजीबाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक राजकुमार ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए ढपुलिस को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने मोटा महादेव मंदिर पर पहुंचकर कांवड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें सुरक्षित वातावरण देने के प्रति आश्वस्त किया।

अपर पुलिस महानिदेशक राजकुमार ने एसपी दिनेश सिंह, एसपी सिटी डॉ.प्रवीण रंजन सिंह, एसडीएम विजय बर्धन तोमर, सीओ गजेंद्र पाल सिंह की उपस्थिति में स्वयंभू सिद्धपीठ मोटा महादेव मंदिर का निरीक्षण किया। जलाभिषेक करने पहुंचे शिवभक्तों का एडीजी ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने शिव भक्तों को आवागमन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर क्षेत्र के पुलिस सहायता केंद्रों से संपर्क करने की सलाह दी।

एडीजी राजकुमार ने जनपद के सभी थानों की पुलिस को कांवड़ियों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए तत्पर रहने, मोबाइल वैन सक्रिय रखने की सलाह दी। मोटा महादेव मंदिर तथा आसपास के क्षेत्रों में शिवभक्तों के सुरक्षित आवागमन के लिए की गई व्यवस्थाओं की एसपी दिनेश सिंह ने एडीजी को जानकारी दी। मोटा महादेव मंदिर पहुंचने पर कपिल सराफ, राजन टंडन गोल्डी, तरुण राजपूत, आकाश कान्हा कर्णवाल, डॉ.राजीव अरोड़ा सहित अनेक लोगों ने एडीजी का स्वागत किया।

### शिवभक्तों को दी चिकित्सा सुविधा

**भागूवाला।** डीएमआर डिग्री कॉलेज के एमडी आरके सागर के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज की ओर से कांवड़ियों के लिए काली माता मंदिर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ.जगत सिंह के नेतृत्व में चिकित्सक दल ने बड़ी संख्या में शिवभक्तों को निशुल्क औषधियां उपलब्ध कराईं। संवाद

### नृत्य करते हुए गंतव्य की ओर बढ़ रहे कांवड़िये

**धामपुर/चांदपुर।** गगनभेदी जयकारों के बीच और डीजे के धुन पर नाचते हुए शिवभक्तों का जत्था अपने गंतव्य की ओर से रवाना हो रहा है। बृहस्पतिवार सवेरे जिला बरेली के शेरगढ़ के शिवभक्त ट्रॉली में सुशोभित भगवान शंकर शिवमंदिर व उसमें विराजमान शिवलिंग रूपी कांवड़ को लेकर कर धामपुर से गंतव्य की ओर रवाना हुए। डीजे की धुन पर नृत्य कर आगे बढ़ रहे हैं। श्रद्धालु विकास कुमार, विवेक कुमार, रजनी जवाहर, गौरव कुमार, दिनेश, पंकज कुमार का कहना है कि वे कई सालों से पैदल की कांवड़ लेकर आ रहे हैं। शिवभक्तों की सुविधा के लिए एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह, सीओ इंदू सिद्धार्थ, कोतवाल माधो सिंह बिष्ट पुलिस बल के साथ मोबाइल गश्त में लगे रहे। वहीं चांदपुर में हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपनी मंजिल की ओर निकल रहे शिवभक्तों के जयघोष से क्षेत्र शिवमय हो गया aहै। दूरदराज के शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ में जल लेकर चांदपुर से होकर गंतव्य को जाते हैं। श्रद्धालु शिविर लगाकर शिवभक्तों की सेवा कर रहे हैं। चांदपुर धनौरा रोड पर सीवी रमन इंटर कॉलेज व माधो प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रांगण में 22 से 25 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संवाद



बम-बम भोले

धामपुर में हाईवे से गंतव्य को जाता कांवड़ियों का जत्था। संवाद

### कांवड़ सेवा शिविर का किया शुभारंभ

**धामपुर/चांदपुर।** श्री महामाया सिद्धपीठ चामुंडा देवी मंदिर महाकाल अखाड़ा धामपुर की ओर से बृहस्पतिवार को मुरादाबाद मार्ग पर गांव सरकथलमाधो के निकट कांवड़ियों की सेवा के लिए कांवड़ यात्रा सेवा शिविर का आयोजन शुरू कर दिया गया है। पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया। बताया गया कि शिविर में शिवभक्तों की सेवा के लिए ठहरने, खाने-पीने और चिकित्सा आदि की सुविधा देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में सभासद भूपेंद्र सैनी, लवी शर्मा, आयोजक अभिषेक त्यागी, सुमन त्यागी, विनीत कौशिक आदि रहे। संवाद

### 35 लाख शिव भक्त गंगाजल लेकर हुए रवाना

**हरिद्वार।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा अब अपने चरम पर पहुंच गई है। हरिद्वार-नजीबाबाद और हरिद्वार-दिल्ली हाईवे के साथ गंगनहर पटरी पर गंगा के समांतर शिव आस्था की गंगा बह रही है। यात्रा के आठवें दिन बृहस्पतिवार को 35 लाख शिवभक्तों ने गंगाजल भरा और कांवड़ लेकर अपने घरों की ओर चल पड़े। अब तक एक करोड़ आठ लाख 70 हजार शिव भक्त गंगाजल लेकर जा चुके हैं। संवाद

### गूंजे बम भोले के जयकारे

**नजीबाबाद।** मोटा महादेव मंदिर समेत नगर की सड़कों पर बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। बड़ी संख्या में कांवड़िये बम भोले की गूंज के साथ लगातार अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। बृहस्पतिवार को मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर पर गंगा जल चढ़ाने के लिए कांवड़ियों को लाइन में खड़ा होना पड़ा। पुजारी पंडित शशिनाथ का कहना है कि सावन के पहले सोमवार के बाद से कांवड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संवाद

# वाहनों को ओवरस्पीड न दौड़ाएं, डायवर्जन का करें पालन: एडीजी

बिजनौर, संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिवभक्तों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। इस दौरान 11 कांवड़ियों को शॉल उढ़ाकर व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया।

एडीजी बरेजी जोन राजकुमार शुक्रवार की दोपहर बिजनौर पहुंचे। बिजनौर रिजर्व पुलिस लाइन के अतिथि गृह में उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वह एसपी दिनेश सिंह, एएसपी सिटी डा. प्रवीन रंजन सिंह के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग स्थित मोटा महादेव मंदिर पहुंचे। स्थानीय संभ्रान्त व्यक्ति व कावंड सेवा समिति के सदस्यो ने उनका स्वागत किया। उन्होने



बिजनौर में गुरुवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर शिविर का निरीक्षण करते एडीजी।

कांवड़ियों से कहा कि वह पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। अपने वाहनों को ओवर स्पीड न चलाये, क्योंकि ओवर स्पीड के चलते अमरोहा में हादसा हो चुका है। उन्होंने कावंडियो से निर्धारित लेन में चलने, रूट डायवर्जन प्लान के नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने किसी भी तरह की कोई समस्या के होने पर तत्काल कावंड हेल्पलाईन, कन्ट्रोल रूम नम्बर पर वार्ता कर पुलिस प्रशासन का सहयोग लेने को कहा। शिविरों में पैकेड भोजन सामाग्री की गुणवत्ता व साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया।

## हेल्पलाइन नंबर से मिलेगा सभी शिव भक्तों को लाभ

नजीबाबाद/ मंडावली। नजीबाबाद मोटा महादेव पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार ने कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दौरा किया। उन्होंने पुलिस की ओर से कांवड़ यात्रियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

गुरुवार की शाम मोटा महादेव मंडावली पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार का स्थानीय लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कावड़ यात्रा मार्ग पर 24 घंटे उपलब्ध है। सुरक्षा और सुविधा के लिए दिन रात जुटी हुई है।